कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कानपुर देहात

पत्रांक/प्रबन्ध/ - / 2021-22 दिनांक - 12/08/2021

(कार्यालय आदेश)

कार्यालय पत्रांक/प्रबन्ध/मान्यता/ 8373 - 77/2017-18,135-38 दिनांक 02/12/2017 के ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल पातेपुर,लालपुर (आर एस) अकबरपुर, कानपुर देहात,को कक्षा 1 से 8 (अंग्रेज़ी माध्यम) हेतु दिनांक 02/12/2017 से 01/12/2020 तक तीन वर्ष की अवधी के लिये अनन्तिम मान्यता प्रदान की संसूचना दी गयी थी।

विधालय प्रबन्धक के पत्र दिनांक 02/07/2021 के द्वारा उक्त मान्यता को स्थाई करने का अनुरोध किया है।

प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-418/79-6-2013-8 एस(7)/89 शिक्षा अनुभाग-6, लखनऊ दिनांक 08/05/2013 के प्रस्तर 13 मे निम्नांकित प्राविधान दिया है।

प्रथमतया निर्धारित प्रारुप पर नियमावली मे उल्लेखनीय प्राविधानो के द्रष्टिगत ओपबन्धिक मान्यता तीन वर्ष के लिए दी जायेगी! इस अवधि मे मान्यता की शर्तो के उल्लंघन से सम्बंधित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नहीं होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूरी होने पर यह मान लिया जायेगा कि विधालय को स्थाई मान्यता प्रदान कर दि गई है।

उक्त संस्था के विरुद्ध कार्यालय को पिछले तीन वर्ष मे कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है! इस लिए पत्रांक/प्रबन्ध/मान्यता/ 8373 -77/2017-18,135-38 दिनांक 02/12/2017 द्वारा निर्गत मान्यता को शासनादेश मे दिये गये प्राविधानो के अनुरूप स्थाई मान्यता समझा जाये।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कानपुर देहात
कानपुर देहात

पृ0सं0/प्रबन्ध/ 1037-22 /2021-22 तददिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1.शिक्षा निदेशक (बे0) उत्तर प्रदेश लखनऊ ।

2.सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद् इलाहाबाद ।

3.मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बे0) कानपुर मण्डल कानपुर ।

4.जिला समाज कल्याण अधिकारी कानपुर देहात ।

5. खण्ड शिक्षा अधिकारी अकबरपुर कानपुर देहात

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कानपुर देहात